**आकाशवाणी केन्द्र**
**शिमला**

**27.6.2024** **1945 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– केन्द्र सरकार पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सज़ा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुलपति की नियुक्ति को लेकर कृषि मंत्री के बयान पर जताई नाराज़गी– कहा– नियमों के मुताबिक कार्य करेगा राजभवन।
- प्रदेश में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा अनुशिक्षक योजना लागू करेगी सरकार।
- राज्य में मॉनसून ने दी दस्तक– अगले 4 दिन अनेक भागों में भारी वर्षा का अलर्ट।

**राष्ट्रपति संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए देश भर में ठोस कदम उठाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संसद ने परीक्षाओं में अनुचित साधनों के खिलाफ भी सख्त कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में पेपर लीक के कई मामले पहले भी सामने आए हैं और सरकार का यह निरंतर प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए सही अवसर प्रदान किए जाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती की प्रक्रिया सबमें पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जम्मू–कश्मीर ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज कर देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर में वोटिंग का एक दशक पुराना रिकॉर्ड टूट गया है।

उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से कश्मीर में शटडाउन और हड़तालों के बीच कम मतदान हुआ और देश के दुश्मनों ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर की राय के रूप में प्रचारित किया। लेकिन इस बार कश्मीर घाटी ने ऐसी सभी ताकतों को करारा जवाब दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है, जो उसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि दस साल में देश 11वें स्थान से उठकर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि देश ने महामारी और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष के बावजूद यह

उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार की पहल पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दस वर्षों में तीन लाख 80 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि विश्वविद्यालय में कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी बिल को राजभवन ने टिप्पणी के लिए सरकार के पास भेजा है और इस पर सरकार को ही फैसला लेना है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में राज्यपाल ने इस बिल को लेकर कृषि मंत्री ने बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राजभवन पर दोषारोपण करना गलत है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि ऐसे में कृषि मंत्री का बार–बार ये कहना गलत है कि कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति की नियुक्ति को लेकर बिल मंजूरी के लिए राजभवन में अटका है। उन्होंने कहा कि नियमों के मुताबिक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राज्यपाल और सरकार के प्रतिनिधि की सहमति से कुलपति की नियुक्ति होती है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन इस बिल को राष्ट्रपति को भेजने पर विचार करेगा और देश में ऐसा पहली बार होगा। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि ये मामला उच्च न्यायालय के विचाराधीन है और वे नियमों के विरूद्ध कोई काम नहीं करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार को कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में भूमिहीनों को नौतोड़ भूमि देने में राजभवन को कोई आपत्ति नहीं है। इस मामले में सरकार से लाभार्थियों की संख्या पूछी गई है और जवाब मिलने पर राजभवन इसे मंजूरी देगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए राज्य सरकार प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा अनुशिक्षक योजना लागू करेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के परिसरों में 6 हज़ार 2 सौ 97 प्री–प्राइमरी अनुभाग संचालित किए जा रहे हैं जिनमें लगभग 60 हज़ार बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में राज्य सरकार अनुशिक्षक रखेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी राज्यों को व्यापक प्रारंभिक बाल्य देखभाल और शिक्षा कार्यक्रम तैयार करने का सुझाव दिया गया है।

**खन्ना**

प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हिमाचल व पंजाब में बढ़ रहे आपराधिक मामलों की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। खन्ना ने कहा कि हिमाचल में पिछले दिनों कुछ शरारती तत्वों ने एक पंजाबी युवक की हत्या की जबकि एक दम्पति को बुरी तरह पीटा। ऐसी घटनाओं से प्रदेश में आने वाले पर्यटकों में दहशत का माहौल है। खन्ना ने केन्द्र सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की है।

**नए कानून**

देश में तीन नए आपराधिक कानून पहली जुलाई से लागू हो रहे हैं। इनमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं। ये तीनों कानून 25 दिसम्बर 2023 को अधिसूचित किए गए थे। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला के प्रोफैसर डॉक्टर गिरजेश शुक्ला और जुन्गा स्थित प्रथम सशस्त्र पुलिस वाहिनी के कमांडेंट रोहित मालपानी ने इन कानूनों के बारे में अपने विचार साझा किए।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून ने आज से दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने बताया कि बीती रात से आज सुबह तक राज्य के अधिकांश भागों में वर्षा हुई है और अगले 4 दिन राज्य में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मॉनसून 4 दिन की देरी के बाद पहुंचा है। पिछले वर्ष राज्य में मॉनसून ने 24 जून को दस्तक दी थी। आने वाले दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए लोगों को बढ़ती गर्मी से निजात मिलने की उम्मीद है।

इस बीच, भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी—नालों के समीप न जाने की अपील की है।

**बाली**

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार निजी क्षेत्र के सहयोग से सार्वजनिक निजी साझेदारी प्रणाली के तहत पर्यटन क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। चण्डीगढ़ में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। आर.एस. बाली ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को मज़बूत करने के अलावा युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए भविष्य में देश के अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 30 जून को आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 11वीं कड़ी होगी। प्रधानमंत्री ने इसके लिए लोगों से कल 28 जून तक सुझाव मांगे हैं। लोग मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945—11—7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में अपने सुझाव भेज सकते हैं।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– केन्द्र सरकार पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सज़ा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुलपति की नियुक्ति को लेकर कृषि मंत्री के बयान पर जताई नाराज़गी– कहा– नियमों के मुताबिक कार्य करेगा राजभवन।
- प्रदेश में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा अनुशिक्षक योजना लागू करेगी सरकार।
- राज्य में मॉनसून ने दी दस्तक– अगले 4 दिन अनेक भागों में भारी वर्षा का अलर्ट।